	# कार्यालय, नगर निगम ग्रेटर जयपुर (पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, जयपुर 302015)
क्रमांक :–	एफ–5(17)कार्मिक/सा.प्र./ननिज/2024/ 968 दिनांकः–15/10/2024

कार्यालय आदेश

नगर निगम ग्रेटर जयपुर में कार्यरत सफाई कर्मचारियों अधीनस्थ एवं मंत्रालियक सेवा व चतुर्थ श्रेणी सेवा संवर्ग के समस्त कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर पूर्व वर्षों की भांति ऐसे कर्मचारियों को जिन्हें पूर्व में 75 प्रतिशत राशि अन्तिम आहरण के रूप में स्वीकृत की जा चुकी है, उन्हें छोड़कर अन्य स्थाई कर्मचारियों को उनके GPF जमा राशि का 50 प्रतिशत या अधिकतम 20000/– रूपये का ऋण भुगतान (कर्मचारियों के आवेदन पर) किए जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। कर्मचारियों की पूर्व बकाया ऋण राशि को इसी ऋण में जोड़कर 10 समान किश्तों में वसूली की जावेगी। उकत राशि का भुगतान दीपावली से पूर्व किया जावेगा। नगर निगम में स्वास्थ्य शाखा में कार्यरत एवं समस्त सफाई कर्मचारी, जमादार एवं भिश्तीयों को GPF ऋण 20000/– रूपये कर्मचारियों को दिए जाने की स्वीकृति निम्न शर्तो के अध्यधीन प्रदान की जाती है। जो कर्मचारी ऋण लेना चाहते है उनको सम्बन्धित शाखा/जोन में आवेदन पेश करना होगा। ऋण राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जायेगा।

1. पूर्व में स्वीकृत ऋण की बकाया राशि उक्त ऋण में से कम की जाकर प्रस्तावित राशि 20000/– रूपये में से कम की जाकर शेष राशि ऋण के रूप में स्वीकार की जा सकेगी।
2. कर्मचारियों को दिये गये समस्त ऋणों की वसूली होने के पश्चात् उनके मासिक वेतन में से कम से कम 1/3 राशि का भुगतान सम्बन्धित कार्मिक को वेतन के रूप में मिलना आवश्यक होगा।
3. ऋण की किश्त कटौति माह नवम्बर 2024 के वेतन से की जावेगी।
4. दिनांक 01.01.2004 के पश्चात नियुक्त कर्मचारियों को ऋण देय नही होगा।

(रूकमणी रियाड)
(आईएएस)
आयुक्त
नगर निगम ग्रेटर जयपुर

प्रतिलिपीः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निजी सहायक,महापौर महो./उपमहापौर महो0 नगर निगम ग्रेटर जयपुर ।
2. निजी सहायक, आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
3. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त., नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
4. उपायुक्त समस्त जोन./मुख्यालय, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार, नगर निगम ग्रेटर जयपुर
6. वरिष्ठ लेखाधिकारी, नगर निगम ग्रेटर जयपुर
7. सहायक लेखाधिकारी (प्रा.नि. भुगतान), नगर निगम ग्रेटर जयपुर
8. कार्यालय अधीक्षक (कार्मिक), नगर निगम ग्रेटर जयपुर ।
9. अध्यक्ष, संयुक्त वाल्मिकि एवं श्रमिक संघ, नगर निगम ग्रेटर जयपुर
10. अध्यक्ष, कर्मचारी ट्रेड यूनियन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर
11. संबंधित संस्थापन लिपिक
12. ओसवाल डाटा, नगर निगम ग्रेटर जयपुर
13. रक्षित पत्र

आयुक्त
नगर निगम ग्रेटर जयपुर

Signature Valid

RajKaj Ref
11156991

Digitally signed by Rukmani Riar
Designation : Commissioner
Date: 2024.10.15 17:51:52 IST
Reason: Approved